भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

भारिबैं/डीओआर/2025-26/328

डीओआर.एसटीआर.आरईसी.सं.247/21.04.177/2025-26 28 नवंबर 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक (अखिल भारतीय वित्तीय संस्था – प्रतिभूतिकरण लेनदेन) निदेश, 2025

विषय-सूची

अध्याय I – प्रारंभिक 3

ए- संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ 3

बी- प्रयोज्यता 3

सी- परिभाषाएं 3

अध्याय II – प्रतिभूतिकरण के लिए सामान्य आवश्यकताएं 9

ए. प्रतिभूतिकरण के लिए पात्र आस्तियां----9

बी. न्यूनतम प्रतिधारण आवश्यकता (एमआरआर)----10

सी. प्रदायगी मानक----12

डी. भुगतान प्राथमिकताएं और अवलोकन योग्यता----12

ई. उद्गमकर्ता द्वारा कुल प्रतिधारित एक्सपोज़रो पर सीमा----13

एफ. निर्गमन और सूचीबद्ध करना----13

जी. विशेष प्रयोजन संस्था द्वारा पूरी की जाने वाली शर्तें----14

एच. अभ्यावेदन और वारंटी----15

आई. लेखांकन प्रावधान----16

अध्याय III - सरल, पारदर्शी और तुलनीय (एसटीसी) प्रतिभूतिकरण----18

ए. एसटीसी प्रतिभूतिकरण- विनियामक पूंजी प्रयोजन के लिए मानदंड----18

बी. एसटीसी प्रतिभूतिकरण के लिए प्रकटीकरण और विवेकपूर्ण निगरानी----27

अध्याय IV - प्रतिभूतिकरण संरचनाओं का समर्थन करने वाली सुविधाओं का प्रावधान----29

ए. सामान्य शर्तें----29

बी. क्रेडिट वृद्धि सुविधाएं--30
सी. क्रेडिट वृद्धि का पुनर्निर्धारण--31
डी. चलनिधि सुविधाएं---34
ई. हामीदारी अंकन (हामीदारी अंकन) सुविधाएं------------------------------35
एफ. सर्विसिंग सुविधाएं ---35
अध्याय V - प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़रो में निवेशक एआईएफआई द्वारा पूरी की जाने वाली आवश्यकताएं---37
ए. समुचित सावधानी आवश्यकताएं---37
बी. दबाव परीक्षण---38
सी. क्रेडिट निगरानी और मूल्यांकन---38
अध्याय VI - प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़रो के लिए पूंजीगत आवश्यकताएं और प्रकटीकरण मानदंड---40
ए. प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़रो के लिए पूंजीगत आवश्यकताएं------------------40
बी. प्रकटीकरण-- 40
अध्याय VII - निरसन और अन्य प्रावधान------------------------------------42
ए. निरसन और बचत-- 42
बी. अन्य कानूनों का अनुप्रयोग वर्जित नहीं----------------------------------42
सी. व्याख्याएँ---42
अनुबंध I..44

परिचय

प्रतिभूतिकरण में वह लेनदेन शामिल हैं जहाँ आस्तियों में निहित क्रेडिट जोखिम को विभिन्न जोखिम प्रोफाइलों वाली व्यापार योग्य प्रतिभूतियों में पुनर्गठित करके पुनर्वितरित किया जाता है, जो विभिन्न श्रेणियों के निवेशकों को उन जोखिमों तक पहुँच प्रदान कर सकता है जहाँ तक वह सीधे पहुँचने में असमर्थ होते हैं। जबकि जटिल और अपारदर्शी प्रतिभूतिकरण संरचनाएं वित्तीय स्थिरता के दृष्टिकोण से अवांछनीय हो सकती हैं, विवेकपूर्ण ढंग से संरचित प्रतिभूतिकरण लेनदेन एक सुचारू रूप से कार्य करने वाले वित्तीय बाजार में महत्वपूर्ण सुविधाप्रदाता हो सकते हैं क्योंकि यह जोखिम वितरण और नए ऋण एक्सपोज़रों के उद्गम में ऋणदाताओं की चलनिधि में सुधार करता है।

तदनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45एल द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिज़र्व बैंक, इस बात से संतुष्ट होकर कि ऐसा करना जनहित और बैंकिंग नीति के हित में ऐसा करना आवश्यक और समीचीन है, एतद्द्वारा विनिर्दिष्ट निदेश जारी करता है।

अध्याय I - प्रारंभिक

ए. संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ

1. इन निदेशों को भारतीय रिज़र्व बैंक (अखिल भारतीय वित्तीय संस्था- प्रतिभूतिकरण लेनदेन) निदेश, 2025 कहा जाएगा।
2. यह निदेश भारतीय रिज़र्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर डाले जाने के दिन से प्रभावी होंगे।

बी. प्रयोज्यता

3. यह निदेश अखिल भारतीय वित्तीय संस्था (जिसे आगे से 'एआईएफआई' के रूप में संदर्भित) अर्थात भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक), राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी), और राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण और विकास बैंक(एनएबीएफआईडी) पर लागू होंगे।

सी. परिभाषाएं

4. इन निदेशों के प्रयोजनों के लिए, निम्नलिखित परिभाषाएं लागू होती हैं:

(1) "*दिवालियापन* से दूर" का अर्थ किसी संस्था का स्वैच्छिक अथवा अस्वैच्छिक दिवालियापन कार्यवाही के अधीन होने की संभावना न होना है, जिसमें उद्गमकर्ता या उद्गमकर्ता के लेनदारों द्वारा शुरू की गई कार्यवाही भी शामिल है।

(2) "क्लीन-अप कॉल" का अर्थ एक ऐसा विकल्प है जो उद्गमकर्ता को अंतर्निहित एक्सपोज़रों अथवा प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़रों को वापस लेने/कॉल करने की अनुमति देता है जब अंतर्निहित एक्सपोज़रों का बकाया मूल्य एक पूर्व-निर्धारित सीमा से नीचे चला जाता है, जिससे सभी पक्षों के शेष प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र समाप्त हो जाते हैं।

(3) "क्रेडिट वृद्धि" का अर्थ एक संविदात्मक व्यवस्था है जिसमें कोई संस्था किसी प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र से जुड़े क्रेडिट जोखिम को कम करती है और, सार रूप में, लेनदेन के अन्य पक्षों को कुछ हद तक अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती है ताकि उनके प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र के क्रेडिट जोखिम को कम किया जा सके।

(4) "पूर्व परिशोधन प्रावधान" का अर्थ एक ऐसा तंत्र है, जो एक बार उत्प्रेरित होने, प्रतिभूतिकरण संरचना की अंतर्निहित आस्तियों में निवेशक के हित की कमी को तेज करता है और निवेशकों को जारी किए गए प्रतिभूतिकरण नोटों की मूल रूप से घोषित परिपक्वता से पहले भुगतान प्राप्त करने की अनुमति देता है।

(5) "अतिरिक्त स्प्रेड"(अथवा भावी मार्जिन आय)" का अर्थ विशेष प्रयोजन संस्था (एसपीई) द्वारा प्राप्त सकल वित्त प्रभार संग्रह तथा अन्य आय, और प्रतिभूतिकरण नोट ब्याज, सर्विसिंग शुल्क, चार्ज-ऑफ और अन्य वरिष्ठ एसपीई व्ययों के बीच का अंतर है।

(6) किसी प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र की "एक्सपोज़र राशि": यह जोखिम की तुलन-पत्र की राशि अथवा रखाव मूल्य का योग है - जो खरीद छूट और अवलेखन/विशेष प्रावधानों को ध्यान में रखता है जो एआईएफआई ने इस प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र पर लिए थे - और तुलनपत्रेतर एक्सपोज़र राशि, जहाँ लागू हो।

(7) "प्रथम हानि सुविधा" का अर्थ एसपीई द्वारा जारी प्रतिभूतिकरण नोटों की साख क्षमता में सुधार करने के लिए उद्गमकर्ता अथवा किसी तीसरे पक्ष द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता का पहला स्तर है, ताकि सुविधा प्रदाता एसपीई द्वारा धारित आस्तियों से जुड़े जोखिमों का भाग अथवा पूरा जोखिम सहन करे।

(8) "अंतर्निहित समर्थन" का अर्थ तब उत्पन्न होने वाली सुरक्षा है जब कोई एआईएफआई अपनी पूर्व-निर्धारित संविदात्मक दायित्व से अधिक किसी प्रतिभूतिकरण को सहायता प्रदान करता है।

(9) "केवल-ब्याज स्ट्रिप (आई/ओ)" का अर्थ उद्गमकर्ता की एक तुलन-पत्र की आस्ति है जो भविष्य की मार्जिन आय से संबंधित नकद प्रवाह के मूल्यांकन का प्रतिनिधित्व करती है।

i. *बशर्ते* कि यदि केवल-ब्याज स्ट्रिप अधीनस्थ है, तो यह क्रेडिट वृद्धि के उद्देश्य को पूरा करेगी और इसे क्रेडिट-संवर्धित केवल-ब्याज स्ट्रिप कहा जाएगा।

(10) "ऋणदाता" जब तक कि विशेष रूप से अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, निम्नलिखित संस्थाएं ऋणदाता होंगी:

i. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर);

ii. अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान (नाबार्ड, एनएचबी, एक्ज़िम बैंक और सिडबी);

iii. लघु वित्त बैंक (जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक (लघु वित्त बैंक – प्रतिभूतिकरण लेनदेन) निदेश, 2025 के तहत अनुमत है); और

iv. आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) सहित सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी)

(11) "बंधक समर्थित प्रतिभूतियां" का अर्थ विशेष प्रयोजन संस्था द्वारा अंतर्निहित जोखिमों के बदले में जारी प्रतिभूतिकरण नोट हैं जो सभी वाणिज्यिक अथवा आवासीय अचल संपत्ति बंधकों द्वारा जमानती हैं।

(12) "उद्गमकर्ता" उस ऋणदाता को संदर्भित करता है जो प्रतिभूतिकरण लेनदेन के भाग के रूप में अपने तुलन-पत्र से किसी एकल आस्ति अथवा आस्ति के पूल को एसपीई में अंतरित करता है और इसमें समेकित समूह की अन्य संस्थाएं शामिल होंगी जिससे ऋणदाता संबंधित है।

स्पष्टीकरण: उद्गमकर्ता वह समान ऋणदाता नहीं भी हो सकता है जिसने शुरुआत में प्रतिभूतिकरण लेनदेन के तहत अंतर्निहित एक अथवा अधिक एक्सपोज़रों को स्वीकृत किया था, क्योंकि ऋणदाताओं से खरीदे गए ऋणों को भी प्रतिभूतिकरण के उद्देश्य से एसपीई को बेचा जा सकता है।

(13) "अति-संपार्श्विकता" का अर्थ क्रेडिट वृद्धि का कोई भी रूप है जिसके तहत अंतर्निहित एक्सपोज़रों का मूल्य प्रतिभूतिकरण नोटों के मूल्य से अधिक पोस्ट किया जाता है।

(14) "पुनःपूर्ति" का अर्थ योजना के विवरण-पत्र में अग्रिम रूप से प्रकट किए गए तरीके से अधिक आस्तियों को प्राप्त करने के लिए प्रतिभूतित आस्तियों से नकद प्रवाह का उपयोग करने की प्रक्रिया है, जो पूर्व-घोषित पुनःपूर्ति अवधि के लिए जारी रहेगी, जिसके बाद प्रतिभूतिकरण संरचना परिशोधन संरचना में बदल जाती है।

बशर्ते कि पुनःपूर्ति अवधि के दौरान खरीदी गई आस्तियां योजना के तहत पहले से जारी प्रतिभूतिकरण नोटों की अंतर्निहित आस्तियों के उसी उद्गमकर्ता (उद्गमकर्ताओं) से खरीदी जाएंगी।

(15) "आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतियां" का अर्थ विशेष प्रयोजन संस्था द्वारा अंतर्निहित एक्सपोज़रों के बदले में जारी प्रतिभूतिकरण नोट हैं जो सभी आवासीय बंधकों द्वारा जमानती हैं।

(16) "पुनःप्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र" का अर्थ एक प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र है जहाँ अंतर्निहित एक्सपोज़र में से कम से कम एक एक्सपोज़र प्रतिभूतिकरण जोखिम है।

(17) इन निदेशों के उद्देश्य के लिए "मानक आस्तियां" का अर्थ उन एक्सपोज़रों से है जिन्हें अनर्जक आस्तियां के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है।

(18) "द्वितीय हानि सुविधा" का अर्थ वित्तीय सहायता का दूसरा स्तर है जो विशेष प्रयोजन संस्था द्वारा जारी प्रतिभूतिकरण नोटों को प्रथम हानि सुविधा द्वारा कवर न किए गए संभावित हानि के खिलाफ सुरक्षा का दूसरा (या उत्तरवर्ती) स्तर प्रदान करता है, और इसे केवल प्रथम हानि सुविधा के आहरण और अस्वीकार अथवा समाप्त होने के बाद, अथवा प्रथम हानि प्रदाता के दिवाला अथवा शोधन अक्षमता अथवा परिसमापन के अधीन होने के बाद ही लागू किया जाता है।

(19) "प्रतिभूतिकरण" का अर्थ एक ऐसी संरचना है जहाँ आस्तियों का एक पूल किसी उद्गमकर्ता द्वारा एसपीई को अंतरित किया जाता है और इस आस्ति पूल से नकद प्रवाह का उपयोग क्रेडिट जोखिम की विभिन्न डिग्री को दर्शाने वाली कम से कम दो अलग-अलग किश्तों (ट्रेंच) के प्रतिभूतिकरण जोखिमों की सेवा के लिए किया जाता है, जहाँ

निवेशकों को भुगतान उद्गमकर्ता के दायित्व से प्राप्त होने के बजाय विनिर्दिष्ट अंतर्निहित आस्तियों के निष्पादन पर निर्भर करता है।

बशर्ते कि प्रतिभूतित होने के लिए पात्र एकल आस्ति वाले पूल की भी अनुमति है।

बशर्ते कि प्रतिभूतिकरण संरचना में विभिन्न परिपक्वताओं वाली किश्तें (ट्रेंच) हो सकती हैं।

(20) "प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र" में विशेष प्रयोजन संस्था द्वारा जारी प्रतिभूतिकरण नोटों के एक्सपोज़र शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, जिनमें आस्ति-समर्थित प्रतिभूतियां और बंधक-समर्थित प्रतिभूतियां, क्रेडिट वृद्धि , हामीदारी अंकन प्रतिबद्धताएं, चलनिधि सुविधाएं, ब्याज दर अथवा मुद्रा स्वैप, क्रेडिट डेरिवेटिव और ट्रेंचड कवर शामिल हैं।

स्पष्टीकरण: रिज़र्व खाते, जैसे कि नकद संपार्श्विक खाते, जो प्रतिभूतिकरण से उत्पन्न होने वाले क्रेडिट हानि को अवशोषित करने के लिए निर्धारित हैं और उद्गमकर्ता द्वारा आस्ति के रूप में दर्ज किए गए हैं, उन्हें भी प्रतिभूतिकरण जोखिम के रूप में माना जाना चाहिए।

(21) "प्रतिभूतिकरण नोट" का अर्थ प्रतिभूतिकरण के भाग के रूप में विशेष प्रयोजन संस्था द्वारा जारी की गई प्रतिभूतियां हैं।

(22) "वरिष्ठ ट्रेंच" का अर्थ एक ऐसी ट्रेंच है जो अंतर्निहित प्रतिभूतित पूल में आस्तियों की पूरी राशि पर प्रथम दावे द्वारा प्रभावी रूप से समर्थित अथवा जमानती है।

बशर्ते कि जहाँ प्रथम-हानि वाले भाग से ऊपर की सभी किश्तों को रेटिंग दी गई है, सबसे उच्च रेटिंग वाली स्थिति को वरिष्ठ ट्रेंच माना जाएगा।

बशर्ते कि जब कई ट्रेंच एक ही रेटिंग साझा करते हैं, तो नकद प्रवाह वॉटरफॉल में केवल सबसे वरिष्ठ ट्रेंच को ही वरिष्ठ माना जाएगा (जब तक कि उनके बीच एकमात्र अंतर प्रभावी परिपक्वता का न हो)।

बशर्ते कि जब कई वरिष्ठ ट्रेंच की विभिन्न रेटिंग केवल परिपक्वता में अंतर के कारण होती है, तो इन सभी ट्रेंचों को वरिष्ठ ट्रेंच माना जाना चाहिए।

(23) "विशेष प्रयोजन संस्था" का अर्थ एक विशिष्ट उद्देश्य के लिए गठित कंपनी, न्यास अथवा अन्य संस्था है, जिसकी गतिविधियां एसपीई के उद्देश्य को पूरा करने के लिए उपयुक्त गतिविधियों तक सीमित हैं और जिसकी संरचना का उद्देश्य एसपीई को किसी उद्गमकर्ता के क्रेडिट जोखिम से अलग करना है।

स्पष्टीकरण: इन निदेशों में एसपीई का कोई भी संदर्भ प्रतिभूतिकरण की प्रक्रिया के एक भाग के रूप में एसपीई द्वारा स्थापित या घोषित न्यास का भी संदर्भ देगा।

(24) "अधीनस्थ ट्रेंच" का अर्थ वरिष्ठ ट्रेंच (ट्रेंचों) के अधीन कोई भी ट्रेंच है।

(25) "सिंथेटिक प्रतिभूतिकरण" का अर्थ एक ऐसी संरचना है जहाँ एक्सपोज़रों के अंतर्निहित पूल का क्रेडिट जोखिम पूरी तरह अथवा आंशिक रूप से क्रेडिट डेरिवेटिव अथवा क्रेडिट गारंटी के उपयोग के माध्यम से अंतरित किया जाता है जो पोर्टफोलियो के क्रेडिट जोखिम का बचाव करने का काम करते हैं जो एआईएफआई के तुलन-पत्र पर रहता है।

स्पष्टीकरण: उपरोक्त परिभाषा में वर्तमान विनियामक निदेशों के तहत बचाव के लिए एआईएफआई को अनुमत साधन का उपयोग शामिल नहीं है।

(26) "ट्रेंच" का अर्थ किसी एक्सपोज़र अथवा एक्सपोज़रों के पूल से जुड़े क्रेडिट जोखिम के संविदात्मक रूप से स्थापित खंड से है, जहाँ उस खंड की स्थिति में उसी राशि की किसी अन्य खंड की स्थिति की तुलना में अधिक अथवा कम क्रेडिट हानि का जोखिम शामिल होता है, बिना उस खंड में अथवा अन्य खंडों में स्थितियों के धारकों को सीधे तीसरे पक्ष द्वारा प्रदान की गई क्रेडिट सुरक्षा को ध्यान में रखे।

स्पष्टीकरण: एसपीई द्वारा जारी प्रतिभूतिकरण नोटों और उपलब्ध क्रेडिट वृद्धि सुविधाओं को ट्रेंच के रूप में माना जाएगा।

अध्याय II - प्रतिभूतिकरण के लिए सामान्य आवश्यकताएं

ए. प्रतिभूतिकरण के लिए पात्र आस्तियां

1. एआईएफआई नीचे उल्लेखित प्रतिभूतिकरण गतिविधियों को अधिग्रहित अथवा प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़रों को स्वीकार नहीं करेगा:

(1) पुनःप्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र;

(2) ऐसी संरचनाएं जिनमें वाणिज्यिक पत्र जैसे अल्पकालिक साधन, जिन्हें समय-समय पर विस्तारण किया जाता है, एसपीई द्वारा धारित दीर्घकालिक आस्तियों के बदले में जारी किए जाते हैं;

(3) सिंथेटिक प्रतिभूतिकरण; और

(4) निम्नलिखित आस्तियों के साथ अंतर्निहित रूप में प्रतिभूतिकरण:

(i) अंतर्निहित रूप में परिक्रामी उधार सुविधाएं – इनमें अंतर्निहित एक्सपोज़र शामिल हैं जहाँ उधारकर्ता को ऋण व्यवस्था के तहत एक सहमत सीमा के भीतर निकाली गई राशि और पुनर्भुगतान को बदलने की अनुमति है (उदा. क्रेडिट कार्ड प्राप्य और नकद ऋण सुविधाएं);

(ii) पुनर्गठित ऋण और अग्रिम जो विनिर्दिष्ट अवधि में हैं;

(iii) अन्य ऋण देने वाले संस्थानों के लिए एक्सपोज़र;

(iv) एआईएफआई के पुनर्वित्त एक्सपोज़र;

(V) मूलधन और ब्याज दोनों के बुलेट भुगतानों वाले अंतर्निहित ऋण; और

(VI) 365 दिनों से कम की शेष परिपक्वता वाले ऋण।

बशर्ते कि कृषि गतिविधियों के लिए वैयक्तिक को विस्तारित 24 महीने तक की अवधि वाले ऋण (जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक (प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण - लक्ष्य और वर्गीकरण) निदेश, 2025 में वर्णित है) जहाँ ब्याज और मूलधन दोनों केवल परिपक्वता पर देय हैं और 12 महीने तक की अवधि वाले व्यापार प्राप्य जिन्हें एआईएफआई द्वारा अपने उधारकर्ताओं से भुनाए/खरीदा गया है, प्रतिभूतिकरण के लिए पात्र होंगे। हालांकि, केवल वही ऋण/प्राप्य प्रतिभूतिकरण के लिए पात्र होंगे जहाँ किसी उधारकर्ता (कृषि ऋण के मामले में) / बिल के देयकर्ता (व्यापार प्राप्य के मामले में) ने देय तिथि के 90 दिनों के भीतर अंतिम दो ऋणों/प्राप्य खातों की पूरी राशि (एक वर्ष से अधिक परिपक्वता वाले कृषि ऋणों के मामले में एक ऋण) का पूरी तरह से

पुनर्भुगतान कर दिया हो। यदि ऐसी आस्तियों का प्रतिभूतिकरण किया जाता है, तो उनके बदले में जारी प्रतिभूतिकरण नोटों के निवेशक उपरोक्त आवश्यकता के साथ अंतर्निहित आस्ति के अनुपालन की पुष्टि करने में सक्षम होने चाहिए।

6. उपरोक्त के अधीन, उद्गमकर्ताओं के अन्य सभी तुलन-पत्र के एक्सपोज़र, जो ऋण और अग्रिम की प्रकृति के हैं और मानक के रूप में वर्गीकृत हैं, प्रतिभूतिकरण लेनदेन में अंतर्निहित आस्तियों के रूप में पात्र हैं।

7. ऐसे एक्सपोज़रों के उद्गमकर्ताओं को न्यूनतम धारिता अवधि आवश्यकता को पूरा करना होगा जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक (अखिल भारतीय वित्तीय संस्था - क्रेडिट जोखिम का अंतरण और वितरण) निदेश, 2025 में परिभाषित किया गया है। *परंतु* वाणिज्यिक अथवा आवासीय अचल संपत्ति बंधकों के लिए, एमएचपी की गणना ऋण के पूर्ण संवितरण की तिथि, अथवा भारतीय प्रतिभूतिकरण आस्ति पुनर्निर्माण और प्रतिभूति स्वत्व की केंद्रीय रजिस्ट्री (सीईआरएसएआई) के साथ प्रतिभूति स्वत्व के पंजीकरण की तिथि, जो भी बाद में हो, से की जाएगी।

8. एमएचपी प्रतिभूतित ऋणों के अंतर्निहित पूल में वैयक्तिक ऋणों पर लागू होगा। एमएचपी पैरा 5 के परंतुक में संदर्भित ऋणों पर लागू नहीं होगा।

9. इन निदेशों के संदर्भ में किए गए लेन-देन से अंतर्निहित देनदारों के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। इस शर्त का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, उद्गमकर्ता और सर्विसिंग एजेंट के बीच अनुबंध में सक्षम करने वाले खंड शामिल किए जाने चाहिए और देनदारों से सभी आवश्यक सहमति (तीसरे पक्ष सहित), जहाँ संबंधित अनुबंधों के अनुसार आवश्यक हो, प्राप्त की जानी चाहिए।

न्यूनतम प्रतिधारण आवश्यकता (एमआरआर)

10. एमआरआर को मुख्य रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि उद्गमकर्ताओं की प्रतिभूतित आस्तियों के निष्पादन में निरंतर हिस्सेदारी हो ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह प्रतिभूतित किए जाने वाले ऋणों पर उचित समुचित सावधानी अपनाते हैं। आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतियों के अतिरिक्त, प्रतिभूतिकरण नोट जारी करने वाले ऋणों का प्रतिभूतिकरण करते समय उद्गमकर्ताओं को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार एमआरआर का पालन करना चाहिए:
    (1) 24 महीने अथवा उससे कम की मूल परिपक्वता वाले अंतर्निहित ऋणों के लिए, एमआरआर प्रतिभूतित किए जा रहे ऋणों के बही मूल्य का 5 प्रतिशत होगा।

(2) 24 महीने से अधिक की मूल परिपक्वता वाले अंतर्निहित ऋणों के साथ-साथ बुलेट पुनर्भुगतान वाले ऋणों के लिए, जैसा कि पैरा 5 के परंतुक में उल्लेख किया गया है, एमआरआर प्रतिभूतित किए जा रहे ऋणों के बही मूल्य का 10 प्रतिशत होगा।

11. आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतियों के मामले में, उद्गमकर्ता के लिए एमआरआर मूल परिपक्वता की परवाह किए बिना, प्रतिभूतित किए जा रहे ऋणों के बही मूल्य का 5 प्रतिशत होगा।

12. एमआरआर को उद्गमकर्ता द्वारा निम्नानुसार प्रतिधारित किया जाएगा:

(1) **प्रतिभूतित किए जा रहे ऋणों के बही मूल्य के 5 प्रतिशत तक:**

(i) प्रथम हानि सुविधा, यदि उपलब्ध हो;

(ii) यदि प्रथम हानि सुविधा उपलब्ध नहीं है, अथवा जहाँ संपूर्ण प्रथम हानि सुविधा का प्रतिधारण 5 प्रतिशत से कम है, तो शेष इक्विटी ट्रेंच के प्रतिधारण द्वारा;

(iii) जहाँ संपूर्ण प्रथम हानि सुविधा,यदि उपलब्ध हो और इक्विटी ट्रेंच का प्रतिधारण मिलकर 5 प्रतिशत से कम है, तो निवेशकों को बेचे गए शेष ट्रेंचों में समान अनुपात में।

(2) **प्रतिभूतित किए जा रहे ऋणों के बही मूल्य के 5 प्रतिशत से अधिक:**

(i) प्रथम हानि सुविधा अथवा इक्विटी ट्रेंच अथवा निवेशकों को बेची गई कोई अन्य ट्रेंच, इनके किसी भी संयोजन में।

स्पष्टीकरण: यह स्पष्ट किया जाता है कि इस उद्देश्य के लिए प्रथम हानि सुविधा में उपलब्ध अति-संपार्श्विकता, यदि कोई हो, शामिल नहीं होगी।

13. अतिरिक्त ब्याज स्प्रेड/भावी मार्जिन आय का प्रतिनिधित्व करने वाले केवल-ब्याज स्ट्रिप में निवेश, चाहे अधीनस्थ हो अथवा न हो, एमआरआर में नहीं गिना जाएगा।

14. क्रेडिट जोखिम की हेजिंग अथवा प्रतिधारित हित को बेचने अथवा बंधक रखने के माध्यम से एमआरआर को कम नहीं किया जाना चाहिए।

(1) एमआरआर को उद्गमकर्ता एआईएफआई द्वारा स्वयं बनाए रखा जाना चाहिए न कि उसकी किसी समूह संस्था से। एमआरआर का रूप प्रतिभूतिकरण की पूरी अवधि के दौरान नहीं बदलना चाहिए।

(2) अपरिशोधित मूलधन के प्रतिशत के रूप में एमआरआर को निरंतर आधार पर बनाए रखा जाना चाहिए, केवल पुनर्भुगतान के कारण अथवा हानि के अवशोषण द्वारा प्रतिधारित एक्सपोज़र में कमी को छोड़कर। विशेष रूप से, पुनःपूर्ति अवधि वाले प्रतिभूतिकरण के मामलों में, एमआरआर को न केवल प्रतिभूतिकरण की शुरुआत में बल्कि पुनःपूर्ति अवधि के अंत में भी बनाए रखा जाना चाहिए।

15. इन दिशानिर्देशों के तहत एमआरआर का अनुपालन करने के लिए, एआईएफआई को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विधि के अनुसार उचित दस्तावेज बनाए जाएं।

सी. प्रदायगी मानक

16. प्रतिभूतित एक्सपोज़रों के लिए हामीदारी अंकन मानक उद्गमकर्ता के तुलन-पत्र पर बनाए रखे गए एक्सपोज़रों पर लागू मानकों की तुलना में कम सख्त नहीं होने चाहिए। जहाँ ऋण उद्गम के समय से लेकर प्रतिभूतित नोट से जुड़े सभी दावों के भुगतान होने तक हामीदारी अंकन मानकों में बदलाव होता है, वहाँ उद्गमकर्ता को प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र रखने वाली संस्थाओं को ऐसे बदलावों के समय और उद्देश्य का प्रकटीकरण करना चाहिए।

17. अन्य ऋणदाताओं से उद्गमकर्ता द्वारा खरीदे गए एक्सपोज़रों के प्रतिभूतिकरण के मामलों में, हामीदारी अंकन मानकों के लिए लागू आवश्यकताएं उद्गमकर्ता द्वारा अपनाई गई सम्यक तत्परता प्रक्रिया के मानकों पर लागू होंगी, जिसमें उन ऋणदाता की ऋण उद्गम प्रक्रिया की पर्याप्तता और निरंतरता का सत्यापन शामिल हो सकता है जिनसे उद्गमकर्ता द्वारा एक्सपोज़र खरीदे गए थे।

डी. भुगतान प्राथमिकताएं और अवलोकन योग्यता

18. प्रतिभूतिकरण की पूरी अवधि के दौरान निवेशकों को अप्रत्याशित पुनर्भुगतान प्रोफाइलों का सामना करने से रोकने के लिए, सभी परिस्थितियों में सभी देनदारियों के लिए भुगतान की प्राथमिकताओं को प्रतिभूतिकरण के समय स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए और उनकी प्रवर्तनीयता के संबंध में उचित विधिक सांत्वना प्रदान की जानी चाहिए।

19. नकद प्रवाह वॉटरफॉल, भुगतान प्रोफाइल अथवा भुगतान की प्राथमिकता में किसी भी बदलाव पर निवेशकों को पूर्ण पारदर्शिता प्रदान करने में मदद करने के लिए, जो प्रतिभूतिकरण को प्रभावित कर सकता है, प्रतिभूतिकरण के नकद प्रवाह वॉटरफॉल, भुगतान प्रोफाइल अथवा भुगतान की प्राथमिकता को प्रभावित करने वाले सभी उत्प्रेरक को प्रस्तावित दस्तावेजों और निवेशक रिपोर्टों में स्पष्ट रूप से और पूरी तरह प्रकट किया जाना चाहिए। इनमें ऐसी जानकारी शामिल हो जो नोट

धारकों को अपेक्षित नकद प्रवाह के संबंध में उल्लंघन की स्थिति, उल्लंघन को वापस लेने की क्षमता और उल्लंघन के परिणामों की स्पष्ट रूप से पहचान करती हो।

20. प्रतिभूतिकरण नोट धारकों के अधिकारों और हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, अंतर्निहित ऋणों के निष्पादन के आसपास की रूपरेखा और चेतावनियों से संबंधित परिभाषाओं, नीतियों और उपायों को उपयुक्त रूप से संप्रेषित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, प्रतिभूतिकरण में शामिल सभी संस्थाओं जैसे कि उद्गमकर्ता, एसपीई आदि के दिवालिया होने सहित सभी परिस्थितियों का हिसाब रखने के लिए प्रतिभूतिकरण नोट धारकों के अधिकारों और नियंत्रण का दस्तावेजीकरण किया जाना चाहिए। विधिक और वित्तीय जोखिम कारकों से संबंधित पूर्ण प्रकटीकरण और सहायक दस्तावेज संभावित और मौजूदा निवेशकों को उचित अवधि के भीतर, निरंतर अथवा मांग के आधार पर उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

21. पुनःपूर्ति अवधि वाले प्रतिभूतिकरण में उपयुक्त प्रारंभिक परिशोधन घटनाओं और/अथवा पुनःपूर्ति अवधि की समाप्ति के उत्प्रेरक के लिए प्रावधान शामिल होने चाहिए, जिनमें विशेष रूप से:

    (1) अंतर्निहित एक्सपोज़र की क्रेडिट गुणवत्ता में गिरावट;

    (2) समान क्रेडिट गुणवत्ता के पर्याप्त नए अंतर्निहित एक्सपोज़र को प्राप्त करने में विफलता; और

    (3) उद्गमकर्ता (उद्गमकर्ताओं) के संबंध में दिवालियापन से संबंधित घटना का होना।

22. यदि संबद्ध संस्थागत हितधारकों (उद्गमकर्ता, एसपीई, सर्विसिंग एजेंट, क्रेडिट वृद्धि प्रदाता और अन्य) के वह कार्य जो इस फ्रेमवर्क में निषिद्ध नहीं हैं, किसी भी बिंदु पर प्रतिभूतिकरण नोटों के जोखिम प्रोफाइल में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाते हैं, तो उद्गमकर्ता यह सुनिश्चित करेगा कि निवेशकों, क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों और अन्य सेवा प्रदाताओं को अधिकतम 14 कैलेंडर दिनों की समय सीमा के भीतर इसकी उचित रूप से सूचना दी जाए और प्रकटीकरण किया जाए।

ई. उद्गमकर्ता द्वारा कुल प्रतिधारित एक्सपोज़रो पर सीमा

23. किसी विशेष प्रतिभूतिकरण संरचना अथवा योजना से संबंधित प्रतिभूतिकरण जोखिमों के लिए एक उद्गमकर्ता का कुल एक्सपोज़र ऐसी संरचना अथवा योजना द्वारा बनाए गए कुल प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र के 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। हालांकि, केवल-ब्याज स्ट्रिप को बढ़ाने वाले क्रेडिट के लिए उद्गमकर्ताओं के एक्सपोज़र को इस सीमा से बाहर रखा जाएगा।

24. एसपीई के साथ दर्ज की गई ब्याज दर स्वैप/मुद्रा स्वैप के कारण क्रेडिट जोखिम को इस सीमा से बाहर रखा जाएगा।

25. प्रतिधारित कुल एक्सपोज़रों पर 20 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन तब नहीं माना जाएगा यदि यह जारी किए गए प्रतिभूतिकरण नोटों के परिशोधन के कारण अधिक हो जाती है।

एफ. निर्गमन और सूचीबद्ध करना

26. प्रतिभूतिकरण नोटों को जारी करने के लिए न्यूनतम टिकट आकार ₹ 1 करोड़ होगा।

स्पष्टीकरण: इन निदेशों के उद्देश्य के लिए, टिकट आकार किसी एकल निवेशक द्वारा निवेश के आकार को संदर्भित करता है।

27. प्रतिभूतिकरण नोटों की सूचीबद्धता, विशेष रूप से विशिष्ट उत्पाद वर्ग के संबंध में, जैसे कि आरएमबीएस, और/अथवा सामान्यतः एक निश्चित सीमा से ऊपर, अनुशंसित है, यद्यपि अनिवार्य नहीं है। किसी भी मामले में, एक निर्गमन में पचास अथवा अधिक वैयक्तिक को प्रतिभूतिकरण नोटों की किसी भी प्रस्ताव को समय-समय पर यथा संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतित ऋण साधनों और सुरक्षा रसीदों का निर्गमन और सूचीबद्धता) विनियम, 2008 के संदर्भ में सूचीबद्ध किया जाएगा।

जी. विशेष प्रयोजन संस्था द्वारा पूरी की जाने वाली शर्तें

28. उद्गमकर्ता को उसके द्वारा ग्रहण किए गए प्रतिभूतिकरण एक्सपोज़र के संबंध में इन निदेशों में निर्धारित पूंजी पर्याप्तता और अन्य पहलुओं पर दिशानिर्देशों को लागू करने में सक्षम बनाने के लिए एसपीई को निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करना चाहिए:

   (1) उद्गमकर्ता और एसपीई के बीच कोई भी लेनदेन कड़ाई से स्वतंत्र संव्यवहार आधार पर होना चाहिए।

   (2) एसपीई और न्यासीका नाम आस्तियों के उद्गमकर्ता के नाम से मेल नहीं खाना चाहिए और न ही उनके शीर्षक अथवा नाम में उद्गमकर्ता के साथ किसी संबंध का आभास होना चाहिए।

   (3) इन निदेशों के तहत विशेष रूप से अनुमत हितों को छोड़कर उद्गमकर्ता का एसपीई में कोई स्वामित्व, मालिकाना अथवा लाभकारी हित नहीं होना चाहिए। उद्गमकर्ता एसपीई में कोई शेयर पूंजी नहीं रखेगा।

(4) उद्गमकर्ता का एसपीई के निदेशक मंडल में वीटो पावर के बिना एक से अधिक प्रतिनिधि नहीं होना चाहिए, बशर्ते बोर्ड में कम से कम चार सदस्य हों और स्वतंत्र निदेशक बहुमत में हों।

(5) यदि एसपीई को न्यास के रूप में स्थापित किया गया है, तो:

(i) उद्गमकर्ता को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एसपीई और ट्रस्टियों पर नियंत्रण नहीं रखना चाहिए, और यदि कोई न्यास विलेख है तो उसे तय नहीं करना चाहिए।

(ii) उद्गमकर्ता का ट्रस्टियों में कोई स्वामित्व, मालिकाना अथवा लाभकारी हित नहीं होना चाहिए।

(iii) एसपीई दिवालियापन से दूर और गैर- विवेकाधीन होना चाहिए।

(iv) न्यास विलेख, यदि कोई हो, में न्यासी द्वारा किए जाने वाले कार्यों, उनके अधिकारों और दायित्वों के साथ-साथ प्रतिभूतित आस्तियों के संबंध में निवेशकों के अधिकारों और दायित्वों को विस्तार से निर्धारित किया जाना चाहिए। न्यास विलेख में न्यासीको न्यास संपत्ति के निपटान और प्रबंधन अथवा उपयोग के तरीके के बारे में कोई विवेक प्रदान नहीं किया जाना चाहिए। अपने हितों की रक्षा के लिए, निवेशकों को न्यास विलेख में किसी भी समय न्यासीको बदलने के लिए सशक्त बनाया जाना चाहिए।

(V) न्यासी को केवल एसपीई के संबंध में न्यासधारिता कार्यों को निष्पादित करना चाहिए और एसपीई के साथ कोई अन्य कारोबार नहीं करना चाहिए।

(vi) यदि आवश्यक हो, तो न्यास विलेख की एक प्रति (यदि कोई हो) और एसपीई के खातों और मामलों का विवरण उद्गमकर्ता और/अथवा अन्य ऋणदाताओं द्वारा आरबीआई को उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

(6) उद्गमकर्ता इन निदेशों के तहत स्पष्ट रूप से अनुमत सुविधाओं के अतिरिक्त एसपीई के हानि का समर्थन नहीं करेगा और एसपीई के आवर्ती व्यय को पूरा करने के लिए भी उत्तरदायी नहीं होगा।

(7) एसपीई को अपने द्वारा जारी प्रतिभूतिकरण नोटों में निवेशकों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि यह प्रतिभूतिकरण नोट बीमित नहीं हैं और उद्गमकर्ता, सर्वर अथवा न्यासियों की जमा देनदारियों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

29. उन मामलों में जहाँ उद्गमकर्ता ने किसी अन्य ऋणदाता से ऋण खरीदा है, पैरा 28 के प्रावधान उन ऋणदाता पर भी लागू होंगे जिनसे उद्गमकर्ता ने एक्सपोज़र खरीदे हैं।

बशर्ते कि पैरा 28 के उप-पैरा (4) के उद्देश्य के लिए, केवल उद्गमकर्ता अथवा उन ऋणदाता में से केवल एक, जिनसे उद्गमकर्ता द्वारा ऋण खरीदे गए थे, एसपीई के बोर्ड में प्रतिनिधि रख सकते हैं।

एच. अभ्यावेदन और वारंटी

30. एसपीई को आस्तियां बेचने वाला उद्गमकर्ता उन आस्तियों के संबंध में अभ्यावेदन और वारंटियां दे सकता है। यदि निम्नलिखित में से कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है तो उद्गमकर्ता ऐसे अभ्यावेदन और वारंटियों पर पूंजी रखेगा:

(1) (कोई भी अभ्यावेदन अथवा वारंटी केवल एक औपचारिक लिखित समझौते द्वारा प्रदान की जाती है।

(2) उद्गमकर्ता कोई भी अभ्यावेदन अथवा वारंटी देने अथवा स्वीकार करने से पहले उचित समुचित सावधानी करता है।

(3) अभ्यावेदन अथवा वारंटी तथ्यों की एक मौजूदा स्थिति को संदर्भित करती है जिसे आस्तियों की बिक्री के समय उद्गमकर्ता द्वारा सत्यापित किया जा सकता है।

(4) अभ्यावेदन अथवा वारंटी निर्बंध नहीं है और विशेष रूप से, आस्तियों की भविष्य की साख क्षमता, एसपीई के निष्पादन और/अथवा एसपीई द्वारा जारी प्रतिभूतिकरण नोटों से संबंधित नहीं है।

(5) किसी अभ्यावेदन अथवा वारंटी का प्रयोग, जिसके तहत उद्गमकर्ता को एसपीई को बेची गई आस्तियों (अथवा उनके किसी भी भाग) को बदलने की आवश्यकता होती है, निम्न प्रकार से होना चाहिए:

(i) एसपीई को आस्तियों के अंतरण के 120 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए; और

(ii) मूल बिक्री के समान नियमों और शर्तों पर आयोजित किया जाना चाहिए।

(6) एक उद्गमकर्ता जिसे अभ्यावेदन अथवा वारंटी के उल्लंघन के लिए हर्जाना देने की आवश्यकता होती है, वह ऐसा कर सकता है बशर्ते हर्जाने का भुगतान करने का समझौता निम्नलिखित शर्तों को पूरा करता हो:

(i) अभ्यावेदन अथवा वारंटी के उल्लंघन के लिए सबूत का भार प्रत्येक समय ऐसा आरोप लगाने वाले पक्ष पर रहता है;

(ii) उल्लंघन का आरोप लगाने वाला पक्ष दावे का आधार विनिर्दिष्ट करते हुए दावे की लिखित नोटिस देता है; और

(iii) हर्जाना सीधे उल्लंघन के परिणामस्वरूप हुई हानि तक सीमित है।

(7) उद्गमकर्ता को उन सभी मामलों की सूचना आरबीआई (पर्यवेक्षण विभाग) को देनी चाहिए जहाँ वह एसपीई को बेची गई आस्तियों को बदलने अथवा किसी अभ्यावेदन अथवा वारंटी से उत्पन्न होने वाले हर्जाने का भुगतान करने के लिए सहमत हुआ है।

आई. लेखांकन प्रावधान

31. उद्गमकर्ता एसपीई को आस्तियां केवल नकद आधार पर बेचेंगे और बिक्री का प्रतिफल एसपीई को आस्ति के अंतरण के बाद प्राप्त नहीं होना चाहिए। इसके साथ, आस्तियों के अंतरण और प्रतिभूतिकरण नोटों के निर्गमन के बीच 30 दिनों से अधिक का अंतर नहीं होना चाहिए।

32. बिक्री के समय किसी भी हानि, लाभ अथवा प्रीमियम का तदनुसार लेखांकन किया जाना चाहिए और उस लेखांकन अवधि के लाभ और हानि खाते में परिलक्षित होना चाहिए जिसके दौरान बिक्री पूरी हुई है।

33. एसपीई को अंतर्निहित आस्तियों की बिक्री से उत्पन्न होने वाले अप्राप्त लाभों जैसे कि अपेक्षित भविष्य की मार्जिन आय (केवल-ब्याज स्ट्रिप्स अथवा अन्यथा द्वारा दर्शाया गया) के मामले में निम्नलिखित उपाय लागू होगा:

(1) अप्राप्त लाभ को लाभ और हानि खाते में मान्यता नहीं दी जानी चाहिए; इसके बजाय एआईएफआई *"ऋण अंतरण लेनदेन पर अप्राप्त लाभ"* नाम के एक लेखांकन शीर्षक के तहत अप्राप्त लाभ रखेगा।

(2) लाभ को लाभ और हानि खाते में तभी मान्यता दी जा सकती है जब अपेक्षित भावी मार्जिन आय से जुड़े ऐसे अप्राप्त लाभ पुन: प्राप्त किए जाते हैं। जबकि, यदि अपेक्षित भावी मार्जिन आय से जुड़ा अप्राप्त लाभ क्रेडिट संवर्धित है (उदाहरण के लिए, क्रेडिट-संवर्धित केवल-ब्याज स्ट्रिप के रूप में), तो इस खाते में शेष राशि को हुए संभावित हानि के विरुद्ध एक प्रावधान के रूप में माना जा सकता है।

(3) परिशोधित क्रेडिट-संवर्धित केवल-ब्याज स्ट्रिप के मामले में, एआईएफआई को समय-समय पर नकद में केवल वही राशि प्राप्त होगी जो हानि को अवशोषित करने के बाद बचती है, यदि कोई हो, जो क्रेडिट-संवर्धित केवल-ब्याज स्ट्रिप द्वारा समर्थित है। प्राप्ति पर, इस राशि को लाभ और हानि खाते में जमा किया जा सकता है और देय परिशोधन के बराबर राशि को "ऋण अंतरण लेनदेन पर अप्राप्त लाभ" खाते से बट्टे खाते में डाला जा सकता है, जिससे एआईएफआई की बहियों में क्रेडिट-संवर्धित केवल-ब्याज स्ट्रिप का बही मूल्य कम हो जाता है।

(4) गैर-परिशोधित क्रेडिट-संवर्धित केवल-ब्याज स्ट्रिप के मामले में, जब भी एआईएफआई को क्रेडिट-संवर्धित केवल-ब्याज स्ट्रिप के खिलाफ एसपीई द्वारा हानि के चार्ज-ऑफ की सूचना मिलती है, तो वह "ऋण अंतरण लेनदेन पर अप्राप्त लाभ" खाते के बदले समकक्ष राशि बट्टे खाते में डाल सकता है और बैंक की बहियों में क्रेडिट-संवर्धित केवल-ब्याज स्ट्रिप का बही मूल्य कम कर सकता है। नकद में प्राप्त क्रेडिट-संवर्धित केवल-ब्याज स्ट्रिप के अंतिम मोचन मूल्य में प्राप्त राशि को लाभ और हानि खाते में ले जाया जा सकता है।

अध्याय III - सरल, पारदर्शी और तुलनीय (एसटीसी) प्रतिभूतिकरण

ए. एसटीसी प्रतिभूतिकरण – विनियामक पूंजी प्रयोजन के लिए मानदंड

34. केवल वह प्रतिभूतिकरण जो इसके अतिरिक्त नीचे सूचीबद्ध सभी मानदंडों को पूरा करते हैं, एसटीसी फ्रेमवर्क के दायरे में आते हैं। उक्त मानदंड बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासेल समिति के अनुसार आधारित हैं। एसटीसी-अनुपालक प्रतिभूतिकरण के एक्सपोज़रों को वैकल्पिक पूंजी उपाय के अधीन किया जा सकता है जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक (अखिल भारतीय वित्तीय संस्था - पूंजी पर्याप्तता पर विवेकपूर्ण मानदंड) निदेश, 2025 द्वारा निर्धारित किया गया है।

ए.1 आस्तियों की प्रकृति

35. प्रतिभूतिकरण की अंतर्निहित आस्तियां समरूप क्रेडिट दावे अथवा पैरा 5 से 9 के तहत पात्र प्राप्य होनी चाहिए। क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों में मूलधन, ब्याज अथवा मूलधन और ब्याज भुगतानों से संबंधित संविदात्मक रूप से पहचाने गए आवधिक भुगतान प्रवाह होने चाहिए। कोई भी संदर्भित ब्याज भुगतान अथवा छूट दरें एक बाहरी बेंचमार्क पर आधारित होनी चाहिए।

36. इस उद्देश्य के लिए, "समरूपता" मानदंड का मूल्यांकन निम्नलिखित सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए:

(1) आस्तियों की प्रकृति ऐसी होनी चाहिए कि प्रत्येक आस्ति का जोखिम विश्लेषण और समुचित सावधानी जांच करते समय निवेशकों को भौतिक रूप से भिन्न विधिक और/अथवा क्रेडिट जोखिम कारकों और जोखिम प्रोफाइलों का विश्लेषण और मूल्यांकन करने की आवश्यकता न हो।

(2) सामान्य जोखिम चालकों के आधार पर समरूपता का मूल्यांकन किया जाना चाहिए, जिसमें समान जोखिम कारक और जोखिम प्रोफाइल शामिल हैं।

(3) प्रतिभूतिकरण में शामिल क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों में आस्तियों से भुगतानों और/ अथवा आय के अधिकारों के संदर्भ में मानक दायित्व होने चाहिए और इसके परिणामस्वरूप निवेशकों को भुगतानों का एक आवधिक और अच्छे प्रकार से परिभाषित प्रवाह प्राप्त होना चाहिए।

(4) नोटधारकों का पुनर्भुगतान मुख्य रूप से प्रतिभूतित आस्तियों से मूलधन और ब्याज की प्राप्तियों पर निर्भर होना चाहिए। एक्सपोज़र को जमानती करने वाली आस्ति के पुनर्वित्त अथवा पुनर्विक्रय पर आंशिक निर्भरता हो सकती है, बशर्ते कि पुनर्वित्त पूल

के भीतर पर्याप्त रूप से वितरित हो और शेष मूल्य जिन पर लेनदेन निर्भर करता है वह पर्याप्त रूप से कम हों और इस प्रकार पुनर्वित्त पर निर्भरता महत्वपूर्ण न हो।

ए.2 आस्ति निष्पादन इतिहास

37. निवेशकों को उचित सम्यक तत्परता का संचालन करने के लिए आस्ति वर्ग पर पर्याप्त जानकारी प्रदान करने और विभिन्न दबाव परिदृश्यों में अपेक्षित हानि की अधिक सटीक गणना सक्षम करने के लिए पर्याप्त समृद्ध डेटा सेट तक पहुँच प्रदान करने के लिए, सत्यापन योग्य हानि निष्पादन डेटा जैसे कि बकाया और चूक डेटा, प्रतिभूतित किए जाने वाले जोखिमों के समान जोखिम विशेषताओं वाले क्रेडिट दावों और प्राप्य खातों के लिए उपलब्ध होना चाहिए, जो निवेशकों द्वारा सार्थक मूल्यांकन की अनुमति देने के लिए पर्याप्त लंबी अवधि के लिए हो।

38. डेटा के स्रोत और पहुँच और प्रतिभूतित किए जा रहे क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों के साथ समानता का दावा करने के आधार का प्रकटीकरण सभी बाजार सहभागियों को स्पष्ट रूप से किया जाना चाहिए।

39. प्रतिभूतिकरण के उद्गमकर्ता अथवा प्रतिभूतित किए गए एक्सपोज़रों के मूल ऋणदाता एआईएफआई,जैसा भी मामला हो, के पास प्रतिभूतित आस्तियों के समान जोखिमों के उद्गम का पर्याप्त अनुभव होना चाहिए। पूंजीगत उद्देश्यों के लिए, निवेशकों को यह निर्धारित करना होगा कि क्या उद्गमकर्ता का प्रतिभूतित किए जा रहे दावों अथवा प्राप्य खातों के समान निष्पादन इतिहास "उपयुक्त रूप से लंबी अवधि" के लिए स्थापित किया गया है। गैर-खुदरा एक्सपोज़रों के लिए यह निष्पादन इतिहास सात वर्ष की अवधि से कम नहीं होना चाहिए। खुदरा एक्सपोज़रों के लिए न्यूनतम निष्पादन इतिहास पांच वर्ष है।

ए.3 भुगतान की स्थिति

40. एसपीई को अंतरित किए जा रहे क्रेडिट दावे अथवा प्राप्य, पूल में शामिल किए जाने के समय, ऐसे दायित्वों को शामिल नहीं कर सकते हैं जो चूक अथवा बकाया में हैं अथवा ऐसे दायित्व जिनके लिए उद्गमकर्ता, सर्वर और प्रतिभूतिकरण नोट धारकों के प्रति प्रत्ययी जिम्मेदारी रखने वाले अन्य पक्षों को अपेक्षित हानि में महत्वपूर्ण वृद्धि अथवा प्रवर्तन कार्रवाइयों के साक्ष्य की जानकारी है।

41. यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रतिभूतित क्रेडिट दावों और प्राप्य खातों की गुणवत्ता हामीदारी अंकन मानकों में बदलाव से प्रभावित न हो, उद्गमकर्ता को निवेशकों के सामने यह प्रदर्शित करना चाहिए कि एसपीई को हस्तांतरित किए जा रहे किसी भी क्रेडिट दावे या प्राप्य का उद्गम उद्गमकर्ता

के व्यवसाय के सामान्य क्रम में सामग्री रूप से गैर-बिगड़ते हामीदारी अंकन मानकों के तहत हुआ है।

42. उद्गमकर्ता को यह सत्यापित करना चाहिए कि अंतर्निहित क्रेडिट दावे अथवा प्राप्य निम्नलिखित शर्तों को पूरा करते हैं:

(1) क्रेडिट दावे अथवा प्राप्य भारतीय रिज़र्व बैंक (अखिल भारतीय वित्तीय संस्था – दबावग्रस्त आस्तियों का समाधान) निदेश, 2025 में परिभाषित निगरानी अवधि के तहत नहीं हैं;

(2) देनदार के पास किसी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी अथवा क्रेडिट स्कोर द्वारा क्रेडिट मूल्यांकन नहीं है जो चूक के महत्वपूर्ण जोखिम को इंगित करता है; और

(3) क्रेडिट दावा अथवा प्राप्य देनदार और उद्गमकर्ता के बीच किसी विवाद का विषय नहीं है।

43. इन शर्तों का मूल्यांकन उद्गमकर्ता द्वारा प्रतिभूतिकरण के प्रभावी होने की तिथि से 45 दिन पहले नहीं किया जाना चाहिए। इसके साथ, इस मूल्यांकन के समय, उद्गमकर्ता की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार, क्रेडिट दावे अथवा प्राप्य की निष्पादन स्थिति में संभावित गिरावट को इंगित करने वाला कोई साक्ष्य नहीं होना चाहिए।

ए.4 हामीदारी अंकन की निरंतरता

44. हामीदारी अंकन मानक तुलन-पत्र पर प्रतिधारित क्रेडिट दावों और प्राप्य खातों पर लागू मानकों से कम सख्त नहीं होने चाहिए। सभी परिस्थितियों में, सभी क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों का उद्गम इस मूल्यांकन के आधार पर ध्वनि और विवेकपूर्ण हामीदारी अंकन मानदंडों के अनुसार किया जाना चाहिए कि देनदार के पास अपने दायित्वों पर "समय पर भुगतान करने की क्षमता और इच्छा" है।

45. प्रतिभूतिकरण के उद्गमकर्ता से अपेक्षा की जाती है, जहाँ अंतर्निहित क्रेडिट दावे अथवा प्राप्य तीसरे पक्षों से अधिग्रहित किए गए हैं, कि वह इन तीसरे पक्षों के हामीदारी अंकन मानकों की समीक्षा करे (अर्थात् उनके अस्तित्व की जांच करे और उनकी गुणवत्ता का मूल्यांकन करे) और यह सुनिश्चित करे कि उन्होंने दायित्वों पर "समय पर भुगतान करने की क्षमता और इच्छा" का मूल्यांकन किया है।

ए.5 आस्ति चयन और अंतरण

46. जबकि प्रतिभूतिकरण में अंतरित आस्तियां उद्गमकर्ता के बोर्ड द्वारा अनुमोदित परिभाषित मानदंडों के अधीन होंगी, प्रतिभूतिकरण का निष्पादन प्रतिभूतिकरण के अंतर्निहित पोर्टफोलियो के विवेकाधीन आधार पर सक्रिय प्रबंधन द्वारा आस्तियों के निरंतर चयन पर निर्भर नहीं होना चाहिए।

स्पष्टीकरण: जब तक वह सक्रिय रूप से चयनित नहीं होते हैं अथवा अन्यथा विवेकाधीन आधार पर चेरी-चयन नहीं होते हैं, पुनःपूर्ति अवधि के दौरान क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों का जोड़ अथवा अभ्यावेदन और वारंटियों के उल्लंघन के कारण उनका प्रतिस्थापन अथवा पुनर्खरीद सक्रिय पोर्टफोलियो प्रबंधन का प्रतिनिधित्व नहीं करती है।

47. प्रतिभूतिकरण में अंतरित क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों को स्पष्ट रूप से परिभाषित पात्रता मानदंडों को पूरा करना चाहिए। प्रतिभूतिकरण के प्रभावी होने की तिथि के बाद प्रतिभूतिकरण में अंतरित क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों को विवेकाधीन आधार पर सक्रिय रूप से चयनित, सक्रिय रूप से प्रबंधित अथवा अन्यथा चेरी-चयन नहीं किया जा सकता है।

48. प्रतिभूतिकरण ऐसा होना चाहिए कि अंतर्निहित क्रेडिट दावे अथवा प्राप्य:

(1) देनदार के समक्ष प्रवर्तनीय हों और उनकी प्रवर्तनीयता उद्गमकर्ता के अभ्यावेदन और वारंटियों में शामिल हो;

(2) विक्रेता,उसके लेनदारों अथवा परिसमापकों की पहुँच से बाहर हों और महत्वपूर्ण पुनर्वर्गीकरण या क्लॉबैक जोखिमों के अधीन न हों;

(3) क्रेडिट चूक स्वैप, डेरिवेटिव अथवा गारंटी द्वारा प्रभावित न हों, बल्कि प्रतिभूतिकरण के लिए क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों के अंतरण द्वारा प्रभावित हों;

(4) अंतर्निहित क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों के लिए अंतिम दायित्व के लिए प्रभावी दायित्व प्रदर्शित करते हैं और अन्य प्रतिभूतिकरणों का प्रतिभूतिकरण नहीं हैं; और

(5) विनियामक पूंजी उद्देश्यों के लिए, एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष विधिक राय को इस दावे का समर्थन करना चाहिए कि लागू कानूनों के तहत आस्तियों का अंतरण उपरोक्त उप-पैरा का अनुपालन करता है।

49. उद्गमकर्ता को अभ्यावेदन और वारंटियां प्रदान करनी चाहिए कि एसपीई को अंतरित किए जा रहे क्रेडिट दावे अथवा प्राप्य किसी भी ऐसी शर्त अथवा भार के अधीन नहीं हैं जो देय संग्रहों के संबंध में प्रवर्तनीयता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकती हैं।

50. एक नई पहल में निवेश करने से पहले उचित समुचित सावधानी में निवेशकों की सहायता के लिए, लागू कानूनों के अनुसार पर्याप्त ऋण-स्तरीय डेटा अथवा, ग्रैन्यूलर पूल के मामले में, अंतर्निहित पूल की प्रासंगिक जोखिम विशेषताओं पर सारांश स्तरीकरण डेटा प्रतिभूतिकरण के मूल्य निर्धारण से पहले संभावित निवेशकों के लिए उपलब्ध होना चाहिए।

ए.6 प्रारंभिक और चालू डेटा

51. निवेशकों को उनके निवेश के निष्पादन की उचित और निरंतर निगरानी करने में सहायता के लिए और जिससे जो निवेशक द्वितीयक बाजार में प्रतिभूतिकरण खरीदना चाहते हैं उनके पास उचित समुचित सावधानी के लिए पर्याप्त जानकारी हो, लागू कानूनों के अनुसार समय पर ऋण-स्तरीय डेटा अथवा अंतर्निहित पूल की जोखिम विशेषताओं पर ग्रैन्यूलर पूल स्तरीकरण डेटा और मानकीकृत निवेशक रिपोर्ट प्रतिभूतिकरण के पूरे जीवनकाल के दौरान कम से कम तिमाही रूप से वर्तमान और संभावित निवेशकों के लिए आसानी से उपलब्ध होनी चाहिए। ऋण-स्तरीय अथवा ग्रैन्यूलर पूल स्तरीकरण डेटा की अंतिम तिथियों को निवेशक रिपोर्टिंग के लिए उपयोग की जाने वाली तिथियों के साथ संरेखित किया जाना चाहिए।

52. यह आश्वासन प्रदान करने के लिए कि अंतर्निहित क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों की रिपोर्टिंग सटीक है और अंतर्निहित क्रेडिट दावे अथवा प्राप्य पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, प्रारंभिक पोर्टफोलियो की पात्रता आवश्यकताओं के साथ अनुरूपता के लिए एक उपयुक्त विधिक रूप से जवाबदेह और स्वतंत्र तीसरे पक्ष द्वारा समीक्षा की जानी चाहिए।

स्पष्टीकरण: समीक्षा में यह पुष्टि होनी चाहिए कि एसपीई को अंतरित किए गए क्रेडिट दावे अथवा प्राप्य पोर्टफोलियो पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। समीक्षा, उदाहरण के लिए, एक न्यूनतम आत्मविश्वास स्तर के आवेदन के साथ, प्रारंभिक पोर्टफोलियो के एक प्रतिनिधि नमूने पर की जा सकती है। सत्यापन रिपोर्ट प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन इसके परिणाम, किसी भी महत्वपूर्ण अपवाद सहित, प्रारंभिक प्रस्तावित दस्तावेजों में प्रकट किए जाने चाहिए।

ए.7 मोचन नकद प्रवाह

53. यह सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए कि अंतर्निहित क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों को छोटी अवधि में पुनर्वित्त करने की आवश्यकता नहीं है, एसपीई की देनदारियों को चुकाने के लिए अंतर्निहित क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों की बिक्री अथवा पुनर्वित्त पर निर्भरता नहीं होनी चाहिए, जब तक कि क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य का अंतर्निहित पूल पर्याप्त रूप से ग्रैन्यूलर न हो और पर्याप्त रूप से वितरित पुनर्भुगतान प्रोफाइल न रखता हो। मोचन भुगतानों का समर्थन करने के लिए विनिर्दिष्ट आस्तियों से आय प्राप्त करने के अधिकारों को इस संबंध में पात्र क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य के रूप में माना जाना चाहिए।

ए.8 मुद्रा और ब्याज दर आस्ति और देयता अंतर

54. आस्तियों और देनदारियों के विभिन्न ब्याज दर और मुद्रा प्रोफाइलों से उत्पन्न होने वाले भुगतान जोखिम को कम करने के लिए और नकद प्रवाह को मॉडल करने की निवेशकों की क्षमता में सुधार के लिए, ब्याज दर और विदेशी मुद्रा जोखिमों को हर समय समुचित रूप से कम किया जाना चाहिए, और यदि कोई हेजिंग लेनदेन निष्पादित किया जाता है तो लेनदेन को उद्योग-मानक मास्टर समझौतों के अनुसार प्रलेखित किया जाना चाहिए। केवल ब्याज दर और/अथवा मुद्रा के आस्ति और देनदारी असंतुलित के वास्तविक हेजिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले डेरिवेटिव की अनुमति दी जानी चाहिए।

(1) पूंजीगत उद्देश्यों के लिए, "उचित रूप से कम" शब्द को अनिवार्य रूप से पूरी तरह से सही हेज की आवश्यकता के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए। लेनदेन के काल के दौरान ब्याज दर और विदेशी मुद्रा के शमन की उपयुक्तता संभावित निवेशकों को समय पर और नियमित तरीके से मात्रात्मक जानकारी उपलब्ध कराकर प्रदर्शित की जानी चाहिए, जिसमें कल्पित राशियों का वह अंश शामिल है जो हेज किया गया है, साथ ही संवेदनशीलता विश्लेषण जो चरम लेकिन प्रशंसनीय परिदृश्यों के तहत हेज की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

(2) यदि हेज डेरिवेटिव के माध्यम से नहीं किए जाते हैं, तो उन जोखिम-शमन उपायों की अनुमति केवल तभी दी जाती है जब वे विशेष रूप से किसी वैयक्तिक और विशिष्ट जोखिम को हेज करने के उद्देश्य से बनाए और उपयोग किए जाते हैं, न कि एक ही समय में कई जोखिमों (जैसे क्रेडिट और ब्याज दर जोखिम) के लिए। गैर-डेरिवेटिव जोखिम शमन उपाय पूरी तरह से वित्त पोषित और हर समय उपलब्ध होने चाहिए।

ए.9 भुगतान प्राथमिकताएं और अवलोकनीयता

55. निवेशक रिपोर्टों में ऐसी जानकारी होनी चाहिए जो निवेशकों को उन संकेतकों के समय के साथ विकास की निगरानी करने की अनुमति देती है जो उत्प्रेरक के अधीन हैं। भुगतान तिथियों के बीच टूटे हुए किसी भी उत्प्रेरक का प्रकटीकरण सभी अंतर्निहित लेनदेन दस्तावेजों के नियमों और शर्तों के अनुसार समय पर निवेशकों को किया जाना चाहिए।

56. निष्पादन से संबंधित उत्प्रेरक होने, चूक की घटना अथवा त्वरण घटना के बाद, प्रतिभूतिकरण स्थितियों का पुनर्भुगतान ट्रेंच वरिष्ठता के क्रम में अनुक्रमिक परिशोधन भुगतान प्राथमिकता के अनुसार किया जाना चाहिए, और बाजार मूल्य पर अंतर्निहित आस्तियों के तत्काल परिसमापन की आवश्यकता वाले प्रावधान नहीं होने चाहिए।

57. प्रतिभूतिकरण के नकद प्रवाह वॉटरफॉल को उचित रूप से मॉडल करने की क्षमता में निवेशकों की सहायता के लिए, उद्गमकर्ता को प्रतिभूतिकरण के मूल्य निर्धारण से पहले और निरंतर आधार पर, एक देनदारी नकद प्रवाह मॉडल अथवा नकद प्रवाह प्रावधानों पर जानकारी निवेशकों को उपलब्ध करानी चाहिए जो प्रतिभूतिकरण नकद प्रवाह वॉटरफॉल के उचित मॉडलिंग की अनुमति देती है।

58. यह सुनिश्चित करने के लिए कि कर्ज़ माफी, ऋण, भुगतान अवकाश, पुनर्गठन और अन्य आस्ति निष्पादन उपायों की स्पष्ट रूप से पहचान की जा सके, बकाया, चूक अथवा अंतर्निहित देनदारों के पुनर्गठन से संबंधित नीतियों और प्रक्रियाओं, परिभाषाओं, उपायों और कार्रवाइयों को स्पष्ट और सुसंगत शर्तों में प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि निवेशक निरंतर आधार पर कर्ज़ माफी, ऋण स्थगन, भुगतान अवकाश, पुनर्गठन और अन्य आस्ति निष्पादन उपायों की स्पष्ट रूप से पहचान कर सकें।

ए.10 मतदान और प्रवर्तन अधिकार

59. नोट धारकों के अधिकारों और अंतर्निहित क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों पर नियंत्रण और प्रवर्तन की उनकी क्षमता की स्पष्टता सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए, उद्गमकर्ता के दिवालिया होने पर, क्रेडिट दावों अथवा प्राप्य खातों से संबंधित सभी मतदान और प्रवर्तन अधिकार एसपीई को अंतरित किए जाने चाहिए। प्रतिभूतिकरण में निवेशकों के अधिकारों को सभी परिस्थितियों में स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए, जिसमें वरिष्ठ बनाम कनिष्ठ नोट धारकों के अधिकार शामिल हैं।

ए.11 दस्तावेज़ीकरण प्रकटीकरण और विधिक समीक्षा

